ए-12024/1/2019-प्रशा. ।बी

भारत सरकार

नीति आयोग

---

राष्ट्रीय भारत परिवर्तन संस्था भारत का शीर्ष नीति निर्माता (थिंक टैंक) है जो एक उत्प्रेरक के रूप में परिवर्तनकारी पहलों में शामिल रहा है और केंद्रीय मंत्रालयों तथा राज्य सरकारों के साथ मिलकर कई क्षेत्रों में परिवर्तन को बढ़ावा दे रहा है। नीति आयोग के तीन प्रमुख कार्यक्षेत्र निम्नांकित हैं-

I. **नीति और ज्ञानः** नीति आयोग विभिन्न क्षेत्रों में नीतिगत अंतःक्षेप करता है और भारत सरकार के लिए कार्यनीतिक तथा दीर्घकालिक नीतियां और कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करता है। साथ ही, यह केंद्र और राज्यों को निदेश और नीतिगत इनपुट के साथ-साथ संगत तकनीकी सलाह भी देता है।

II. **नवप्रवर्तनः** नवप्रवर्तन और उद्यमिता की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए एक मंच उपलब्ध कराना ताकि खासकर जटिल प्रौद्योगिकी और नवप्रवर्तन-चालित क्षेत्र में विश्वस्तरीय नवप्रवर्तन केंद्रों, महाचुनौतियों, स्टार्ट-अप कारोबारों और अन्य स्व-रोज़गार कार्यों को प्रोत्साहन मिल सके।

III. **अनुवीक्षण और मूल्यांकनः** साक्ष्य-आधारित नीति और कार्यक्रम डिजाइन को बढ़ावा देने के लिए जटिल इकनॉमीट्रिक मॉडलिंग तकनीकों और बड़े डेटा विश्लेषण की रुपरेखा निर्धारित करना, प्रयोग, समप्रयोग करना।

नीति आयोग ऐसे युवा, प्रतिभाशाली, नवप्रवर्तनशील और ऊर्जावान पेशेवरों की ज़रुरत है जो आज भारत में लिखी जा रही रोमांचक परिवर्तन गाथा से जुड़ी टीम का हिस्सा बनने के इच्छुक हों। इनमें से कुछ के ब्यौरे निम्नांकित हैं:

| | | |
|---|---|---|
| 1 | पद का नाम | **अनुवीक्षण और मूल्यांकन लीड** (विकास अनुवीक्षण और मूल्यांकन) |
| 2 | स्थानों की संख्या | 10 |
| 3 | भर्ती का तरीक़ा | खुले बाज़ार से संविदा-आधारित |
| 4 | आयु सीमा | विज्ञापन की तारीख़ को अभ्यर्थी की आयु 45 वर्ष से कम होनी चाहिए। |
| 5 | संविदा की अवधि | 2 वर्षों की अवधि के लिए |
| 6 | पारिश्रमिक (प्रतिमाह) | 80,000/- रुपए से 1,45,000/-रुपए |
| 7 | शैक्षिक अर्हता | <u>अनिवार्य</u><br>विज्ञान/प्रद्योगिकी/कम्प्यूटर/अनुप्रयोग अर्थशास्त्र/सांख्यिकी/गणित/वाणिज्य/प्रबंधन/विधि/संचार विकास/पत्रकारिता में मास्टर उपाधि/अभियांत्रिकी/प्रौद्योगिकी में स्नातक उपाधि/सीए, सीएस, आईसीडब्ल्यूए।<br><br><u>वांछनीय</u><br>समाज विज्ञान में पीएचडी के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर के पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशन |
| 8 | अनुभव | अर्हता के पश्चात् अनुवीक्षण और मूल्यांकन, परिवार सर्वेक्षण करने, सांख्यिकीय विश्लेषणात्मक कार्य और व्यापार प्रबंधन में न्यूनतम 3 वर्ष |

| | | |
|---|---|---|
| | | का अनुभव। परियोजना मूल्यांकन अथवा कार्यक्रम/नीति अनुसंधान को अतिरिक्त योग्यता माना जाएगा।<br><br>अभ्यर्थी के पास विश्लेषण और संचार (लिखित और मौखिक- दोनों), अंतरवैयक्तिक कौशल और माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस में बुनियादी दक्षता हो। |
| 9 | कार्य विवरण/अपेक्षाएं | 1) सौंपे गए कार्य के स्वतंत्र प्रबंधन में और टीम के साथ काम करने में प्रमाणित क्षमता ताकि अनुवीक्षण और मूल्यांकन, अनुवीक्षण और मूल्यांकन फ्रेमवर्कों तथा उपकरणों के विकास, मूल्यांकन अध्ययन करने और उच्चस्तरीय रिपोर्टों के निर्माण और प्रसार, देश भर में अनुवीक्षण और मूल्यांकन को सुदृढ करने वाले अनुसंधान करने, विशिष्ट परामर्शी सेवाओँ की ख़रीद और उनके कार्य के अनुवीक्षण, परिणामों और अनुमानों के निरन्तर अनुवीक्षण हेतु अत्याधुनिक सतत परिवार सर्वेक्षणों का विकास करने, नीति निर्माताओं के लिए रीयल टाइम डेटा से डेटा विश्लेषण विकसित करने, अनुवीक्षण और मूल्यांकन के सुदृढीकरण हेतु अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित करने, केंद्रीय और राज्य एजेंसियों में अनुवीक्षण और मूल्यांकन क्षमता निर्माण, आउटपुट-आउटकम अनुवीक्षण फ्रेमवर्क पर मौजूदा काम का समर्थन करने, सार्वजनिक व्यय पर नज़र रखने, अनुवीक्षण और मूल्यांकन हेतु सांस्थानिक फ्रेमवर्क का सुदृढीकरण सुनिश्चित हो सके।<br>2) बड़े संगठनों के भीतर और बाहर संबद्ध पक्षों/ग्राहकों के साथ कार्य करने की प्रमाणित क्षमता, सशक्त अंतर-वैयक्तिक तथा कूटनीतिक कौशल।<br>3) अंग्रेज़ी में सशक्त लेखकीय और मौखिक संवाद तथा सूचना प्रौद्योगिकी कौशल का सशक्त स्तर।<br>4) उच्चस्तरीय पेशेवर प्रस्तुतियों की रुपरेखा निर्धारण, संपादन और निर्माण क्षमता।<br>5) संक्षिप्त, सारगर्भित और व्यापक कार्यालय ज्ञापन तैयार करने की क्षमता, तथा<br>6) सर्वाधिक महत्वपूर्ण, भारत में नवप्रवर्तन तथा उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए जज्बा और समर्पण। |

अनुवीक्षण और मूल्यांकन लीड के नियोजन की निबंधन और शर्तें नीति आयोग के दिनांक 01.08.2018 के का.ज्ञा. सं. ए-12013/02/2015-प्रशा.I(बी) में उल्लखिति दिशानिर्देशों के अनुरुप होंगी। ये दिशानिर्देश नीति आयोग की वेबसाइट www.niti.gov.in पर उपलब्ध हैं। यह भी उल्लेखनीय है कि अनुवीक्षण और मूल्यांकन लीड के लिए स्थानों की संख्या भिन्न हो सकती हैं और यह अनंतिम है।

**नोटः आवश्यक होने पर आवेदकों के आवेदन अन्य मंत्रालयों/विभागों के साथ उनके उपयोग हेतु साझा किए जा सकते हैं।**

**आवेदनों की प्रस्तुतिः** पात्र आवेदक इस विज्ञापन के समाचारपत्र में प्रकाशन की तारीख़ से 30 दिन के भीतर नीति आयोग की वेबसाइट पर दिए लिंक से आवेदन कर सकते हैं। **आवेदन केवल ऑनलाइन किए जाएं।**